पत्रांक–अ०सं०क०–02–112 / 2026..... /

बिहार सरकार
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

परीक्षा नियंत्रक,
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली।

पटना, दिनांक..... /

विषयः– नव नियुक्त प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Verification) के संबंध में।

प्रसंगः– बिहार लोक सेवा आयोग, पटना का पत्रांक–21, दिनांक–20.07.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

नियमानुसार नव नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा योगदान के समय समर्पित शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का संबंधित बोर्ड / विश्वविद्यालय से सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है।

अतः कुल–10 अभ्यर्थियों (प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों) का सूची एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि सत्यापित कर सत्यापन प्रतिवेदन (Verification Report) शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अनुलग्नकः– 1. मैट्रिक (Matriculation):–अंकपत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. इंटरमीडिएट (Intermediate):–अंकपत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. कुल–10 प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों की सूची।

विश्वासभाजन
ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– अ०सं०क०–02–112 / 2026..... / पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, बिपार्ड गयाजी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– अ०सं०क०–02–112 / 2026..... 4353 ..... / पटना, दिनांक..... 14/10/26

प्रतिलिपिः– आई०टी०, मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

संजय 13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव